बर्षः- 06
अंकः- 44
मुरादाबाद
(Tuesday)
02 June 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
मुरादाबाद से प्रकाशित
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## हैदराबाद हाउस में भारत-म्यांमार वार्ता, पीएम मोदी ने राष्ट्रपति ह्लाइंग से की मुलाकात



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। राष्ट्रपति के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग 30 मई से 2 जून तक भारत की यात्रा पर हैं। यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही है।राष्ट्रपति के रूप में मिन आंग ह्लाइंग की यह पहली भारत यात्रा है। उनके साथ कैबिनेट मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और प्रमुख कारोबारी नेताओं का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है।अजित डोभाल और एस जयशंकर ने भी की राष्ट्रपति से मुलाकात- इससे पहले रविवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने म्यांमार के राष्ट्रपति से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि एनएसए अजीत डोभाल ने राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग से भेंट की।वहीं, शनिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी म्यांमार के राष्ट्रपति से मुलाकात की थी। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग से नई दिल्ली में मुलाकात की और दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत बनाने के प्रति उनके सकारात्मक दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति की बैठक को लेकर आशान्वित हैं, जो शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए दोनों देशों की साझेदारी को आगे बढ़ाएगी।दिल्ली पहुंचने से पहले कहां गए राष्ट्रपति मिन-मिन आंग ह्लाइंग नई दिल्ली पहुंचने से पहले बिहार के बोधगया में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। शनिवार को वह बोधगया पहुंचे, जहां विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारत और म्यांमार के बीच सभ्यतागत और आध्यात्मिक संबंधों को रेखांकित करते हुए उनके दौरे का स्वागत किया। भारत पहुंचने के तुरंत बाद राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग ने बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में दर्शन किए। यह बौद्ध धर्म का एक प्रमुख तीर्थस्थल और यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल स्थल है। साप्ताहिक प्रेस वार्ता के दौरान रणधीर जायसवाल ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग के बीच होने वाली वार्ता में द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### डीजीपी राजीव कृष्ण ने पेश किया एक साल का रिपोर्ट कार्ड, बोले- अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस जारी रहेगी

स्थायी नियुक्ति के बाद डीजीपी राजीव कृष्ण ने राजधानी लखनऊ स्थित अपने आवास पर प्रेसवार्ता की। उन्होंने अपने कार्यकाल के एक साल का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। कहा कि अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस जारी रहेगी।उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने सोमवार को अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर पुलिस मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर कानून-व्यवस्था और पुलिसिंग से जुड़ी उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि बीते एक वर्ष के दौरान 10 प्रमुख प्राथमिकताओं पर काम किया गया। इसमें महिला सुरक्षा, साइबर अपराध नियंत्रण, पुलिस कल्याण और संगठित अपराध पर कार्रवाई प्रमुख रही।डीजीपी ने कहा कि प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत लगातार कार्रवाई की गई है। पिछले सात-आठ वर्षों में अपराध के आंकड़ों में कमी आई है। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। पुलिसकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया और दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा व महिलाओं से जुड़े अपराधों के प्रति जागरुकता बढ़ाई गई। उन्होंने दावा किया कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 9.5 से 33 प्रतिशत तक कमी दर्ज की गई है।साइबर अपराध को बड़ी चुनौती बताते हुए डीजीपी ने कहा कि कोरोना काल के बाद ऑनलाइन अपराध तेजी से बढ़े हैं। 62 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

## सीएम योगी का जनता दर्शन: बच्चे से बोले सीएम- तुम पढ़ाई पर ध्यान दो, बाकी चीजें हम पर छोड़ दो;हम देख लेंगे



सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने पीड़ित लोगों से मुलाकात कीमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। उन्होंने प्रदेश भर से आए लोगों से मुलाकात की, उनके प्रार्थना पत्र लिए और उचित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने सुना और संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण समयसीमा के भीतर हो, विलंब होने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही भी तय की जाए। सीएम योगी ने कुछ बच्चों से शिक्षा के बारे में भी पूछा और अभिभावकों से कहा कि बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें, क्योंकि पढ़ा-लिखा बच्चा ही सशक्त भारत की नींव है। समयसीमा के भीतर हो समस्या का समाधान - मुख्यमंत्री जी के समक्ष राजस्व व पुलिस से जुड़े भी कुछ मामले आए। मुख्यमंत्री ने उनका संज्ञान लिया और कहा कि लंबित राजस्व वादों का समयसीमा के भीतर निस्तारण किया जाए। छह महीने से अधिक लंबित वादों के कारणों की समीक्षा की जाए। उचित कारण न होने पर भी यदि निस्तारण में विलंब होता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जरूरतमंद लोगों के चेहरे पर खुशी लाना शासन-प्रशासन का दायित्व - मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि हर जरूरतमंद की समस्या का समाधान हो। अधिकारी पूरी संवेदनशीलता से सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सभी को न्याय और हर पात्र को योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो। जरूरतमंद के चेहरे पर खुशहाली लाना शासन-प्रशासन का दायित्व है। बेटा ! तुम सिर्फ पढ़ाई करो, बाकी हम पर छोड़ दो - हापुड़ से एक बच्ची अपने अभिभावक के साथ आई थी। उसने अपने परिवार की माली स्थिति का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने पूछा कि किस क्लास में हो, इस पर बच्ची ने कक्षा-7 बताया और आगे की पढ़ाई में आने वाली बाधाओं का भी जिक्र किया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि घर जाओ और सिर्फ पढ़ाई करो, बाकी हम पर छोड़ दो। अभिभावक से कहा कि शिक्षित बच्चा ही सशक्त भारत की नींव है। अधिकारी आपसे संपर्क करेंगे, आप बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें।

## गलती CBSE की, सजा बच्चों को: री-इवैल्यूएशन फीस पर राहुल गांधी का सवाल, कहा- इससे कमाई कर रही है सरकार



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सीबीएसई की पोस्ट-रिजल्ट फीस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि मूल्यांकन या स्कैनिंग में हुई गलतियों को सुधारने के लिए छात्रों से शुल्क वसूला जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बोर्ड की गलती का खामियाजा छात्र भुगत रहे हैं और इससे सरकार कमाई कर रही है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षा परिणामों के बाद लागू फीस व्यवस्था को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि स्कैन कॉपी, री-टोटलिंग और री-इवैल्यूएशन के लिए छात्रों से शुल्क लिया जा रहा है, जबकि कई मामलों में त्रुटियां खुद बोर्ड की प्रक्रिया में होती हैं।सोशल मीडिया मंच एक्स पर राहुल गांधी ने लिखा कि जेबकतरों से सावधान रहें, आज वे सीबीएसई के अंदर बैठे हैं। अगर सीबीएसई की गलती से अंक गलत आ जाएं तो आपको क्या मिलता है? एक बिल। डिजिटल स्कैन कॉपी के लिए 100 रुपये प्रति विषय, री-टोटलिंग के लिए 100 रुपये प्रति पेपर और री-इवैल्यूएशन के लिए 25 रुपये प्रति प्रश्न।उन्होंने कहा कि एक छात्र को अपनी आंसर सीट की सही जांच करवाने के लिए 2,000 रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं। राहुल गांधी ने दावा किया कि करीब चार लाख छात्रों ने इस तरह के आवेदन किए हैं और सवाल उठाया कि इससे सीबीएसई कितनी कमाई कर रहा है।सरकार पर लगाए गंभीर आरोप - कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि जब स्कैनिंग मोबाइल फोन से की जाती है तो गलत मूल्यांकन होना स्वाभाविक है और फिर उसे ठीक कराने का खर्च भी छात्र को ही उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि गलती सीबीएसई की है, सजा बच्चे को मिल रही है और कमाई सरकार कर रही है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि जब शिक्षा को सेवा के बजाय व्यवसाय में बदल दिया जाता है तो गलतियों को सुधारा नहीं जाता, बल्कि उन्हें बढ़ाया जाता है। इसका सबसे बड़ा खामियाजा बच्चों को अपने समय, आत्मविश्वास और भविष्य के रूप में चुकाना पड़ता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मूल्यांकन में व्यापक स्तर पर होने वाली गलतियां उन छात्रों पर अतिरिक्त बोझ डालती हैं जो अपने अंकों में सुधार या पुनर्मूल्यांकन की मांग करते हैं। सीबीएसई ने कड़ी निगरानी का दिया आश्वासन- इस बीच, ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ह्रस्रू) मूल्यांकन प्रणाली को लेकर चल रहे विवाद के बीच रविवार को सीबीएसई ने कहा कि उसने अपने सेवा प्रदाता के ऑनमार्क पोर्टल में चिन्हित कमजोरियों पर कड़ी निगरानी रखी है और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की टीम को सिस्टम मजबूत करने के लिए तैनात किया है।सीबीएसई ने एक्स पर जारी बयान में कहा कि विभिन्न सरकारी एजेंसियों और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की टीम पिछले कुछ दिनों से पोर्टल को सुरक्षित बनाने पर काम कर रही है। बोर्ड के अनुसार, पहचानी गई कमजोरियों को नियंत्रित कर लिया गया है और यह सुनिश्चित करने के प्रयास जारी हैं कि सिस्टम में कोई अन्य ऐसी खामी न रह जाए जिसका दुरुपयोग किया जा सके। सीबीएसई ने उन जागरूक नागरिकों और एथिकल हैकर्स का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने संभावित सुरक्षा खामियों की जानकारी दी। बोर्ड ने कहा कि उसने इनमें से कुछ लोगों से सीधे संवाद भी किया है और उनके सुझावों को गंभीरता से लिया है।

## फर्जी खातों की जांच कराएगी बंगाल सरकार, CM शुभेंदु के निर्देश- एसआईटी गठित करें डीजीपी



पश्चिम बंगाल में महिलाओं की लक्ष्मीर भंडार योजना में बड़े फर्जीवाड़े का दावा किया गया है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि करीब 30 लाख खाते फर्जी पाए गए हैं। मामले की जांच के लिए एसआईटी बनाई जाएगी। सरकार का आरोप है कि महिलाओं की योजना का लाभ पुरुषों ने भी गलत तरीके से लिया।पश्चिम बंगाल में महिलाओं को आर्थिक मदद देने वाली 'लक्ष्मीर भंडार' योजना अब बड़े विवाद में घिर गई है। राज्य सरकार ने दावा किया है कि इस योजना में लाखों फर्जी खाते बनाए गए और सरकारी पैसे का गलत तरीके से इस्तेमाल हुआ। इसी मामले को लेकर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को विशेष जांच दल यानी एसआईटी बनाने का निर्देश दिया है। सरकार का कहना है कि योजना के नाम पर बड़े स्तर पर गड़बड़ी हुई और अब इसकी पूरी जांच कराई जाएगी।मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने नबान्न सचिवालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि लक्ष्मीर भंडार योजना में करीब 30 लाख खाते फर्जी पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ फर्जीवाड़ा नहीं बल्कि मनी लॉन्ड्रिंग का मामला भी हो सकता है। मुख्यमंत्री के अनुसार कई ऐसे लोगों ने भी इस योजना का लाभ लिया जो इसके पात्र ही नहीं थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए बनाई गई योजना में पुरुषों के नाम पर भी पैसे निकाले गए।मुख्यमंत्री ने दावा किया कि जांच में सामने आया है कि कई पुरुषों ने गलत दस्तावेज देकर महिलाओं की आर्थिक सहायता योजना का फायदा उठाया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। सरकार का आरोप है कि पुराने तृणमूल कांग्रेस शासन के दौरान इस योजना में बड़े स्तर पर लापरवाही हुई। अब सरकार गांव और वार्ड स्तर तक जांच कर फर्जी लाभार्थियों की पहचान करेगीसरकार के अनुसार एसआईटी सिर्फ फर्जी खातों की जांच नहीं करेगी बल्कि यह भी देखा जाएगा कि सरकारी पैसा किन खातों में गया और किस तरह निकाला गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां जरूरत होगी वहां मनी लॉन्ड्रिंग की जांच भी कराई जाएगी। सरकार का मानना है कि कई खातों के जरिए अवैध तरीके से पैसे ट्रांसफर किए गए। जांच एजेंसियां बैंक रिकॉर्ड और दस्तावेजों की भी जांच करेंगीमुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने नई अन्नपूर्णा भंडार योजना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि नई योजना में महिलाओं को हर महीने 3 हजार रुपये तक की मदद दी जाएगी। इस योजना के लिए 12 पन्नों का सत्यापन फॉर्म रखा गया है। विपक्ष इस फॉर्म को लेकर सवाल उठा रहा है, लेकिन सरकार का कहना है कि पिछली योजना में हुई गड़बड़ियों को देखते हुए सख्त जांच जरूरी है। सरकार का दावा है कि बिना मजबूत जांच के फर्जीवाड़ा नहीं रोका जा सकता।

## संपादकीय Editorial

### Himachal in Water Diplomacy

The Indus Water Treaty, of national importance, has suddenly elevated Himachal's water power. The flow of Himachal's Chandra and Bhaga rivers will no longer be careless. Water flowing from the Chandra will no longer travel through Pakistan, but will instead merge with the Beas River through an 8.7-kilometer tunnel from Koksar in Lahaul-Spiti to Madhi in Manali. On the other hand, the Bhaga will flow through the Pir Panjal in Lahaul and merge into the Ravi through a tunnel. Internationally, the breakdown of the Indus Water Treaty has brought the scope of Indian thinking to Chandratal Lake. Recognizing the strength of the mountain environment, planning rethinks national construction. Divya Himachal has always placed the power of the mountains and the water resources within the mountain resources at the national level. Our advocacy is linked to water, forests, and land. It has been the strength of mountainous regions that they guarantee the country's progress through the use of the Himalayas, surrounding forests, and water resources. In this context, when water empowers diplomacy, Chandra and Bhaga dedicate the entire environment to the nation. The mountain states possess the wealth of nation-building, and this is being recorded as a legacy of Chandratal Lake. If water is a strong link in diplomacy, then water should also be Himachal's economic strength. Of course, no drop can be above the nation, but the water here, which can spoil Pakistan's appearance, should have the first right to be improved by it. Clearly, Chandratal Lake, which will eventually drain into the Beas and Ravi, could prove to be an economic boon for Himachal if the central government, in return, gifts Himachal with water cess under the Water Rights Act. The construction of the tunnel to Beas will cost 2352 crore rupees, while a tunnel project has also been developed to merge Bhaga into Ravi.Readers will recall that columnist Praveen Sharma wrote two articles on this subject on our editorial page, and the central government took cognizance of these. The water exchange will bring enormous benefits to the plains of North India. This water will serve as a major source of irrigation for Punjab, Haryana, Rajasthan, Delhi, and beyond, providing a major source of water for agriculture, horticulture, and other areas. However, its management network will need to be strengthened during the rainy season. Clearly, the existing banks of the Beas and Ravi become turbulent during the monsoon season, so adequate arrangements must be made to prevent the rivers from becoming monstrous in floods due to the influx of excess water. For the past few years, orders to open the gates of the Pandoh Dam have been devastating crops in many plain areas of Nurpur. Beyond tunnel construction, the issue also calls for innovative ways to utilize excess water. If some new canals are diverted directly from Himachal to Haryana, our neighboring state, which has been yearning for a connecting canal for years, will benefit. Channelization of Himachal's rivers, streams, and ravines is the need of the hour. Therefore, this task will not be accomplished by simply diverting the Chandra-Bhaga rivers to the Beas and Ravi. Instead, arrangements will need to be made to manage the excess water and strengthen the primary water sources. Apart from rapid channelization of tributary ravines and drains of all rivers, management of desilting of big dams and check dams will have to be taken forward as a matter of course.

# India Wins the Race for Advanced AI

India is building a new world of agentic AI, far more advanced than ordinary AI, on the foundation of the Digital India campaign. India's digital infrastructure provides a strong foundation for agentic AI. Agentic AI's potential impacts government services, agriculture, and banking. Employment, security, and inequality are key challenges for agentic AI. Based on the strong foundation of the Digital India campaign, a new world of technology is emerging in the country. This new world is called Artificial Intelligence (AI), and its most advanced form is "agentic AI." While ordinary AI simply answers questions, agentic AI goes far beyond that. It can plan, connect with various systems, and complete many tasks automatically. It will not only tell you whether you are eligible for a government scheme, but can also verify information and apply automatically, and even inform you when your application is successful. Today, the power of AI in the world is often measured by which country has the largest data centers. India is not yet at the forefront of this field, but agentic AI can change this mindset. This requires not just large computer systems but a robust digital infrastructure, and India already has this in place. India's "India Stack" is a prime example of this. Aadhaar provided citizens with trusted digital identities. UPI created an open and connected payment system. DigiLocker stored documents in a secure digital vault, and ONDC created an open digital network for commerce. All of these systems were designed as digital platforms on which other individuals and organizations could develop new services. This is the infrastructure that agentic AI most requires. In the future, if an AI agent wants to file tax returns, renew licenses, check eligibility for government benefits, or release assistance funds on behalf of a citizen, it will need to verify identity, access documents, process payments, and connect with government systems. India has already built all these digital layers, and they are actively operating at the scale of millions of people. This is why India's digital public infrastructure could become the world's first truly agentic infrastructure. Currently, the US lacks a national digital identity system, and Europe's infrastructure is fragmented. Consequently, India's system could become a unique model for the world. It could reduce the need for people to visit government offices and stand in long queues. In the future, a system is possible where people won't even need to search for information about schemes. A farmer's crop insurance claim could be automatically registered as soon as they meet the criteria, or a child's school admission process could begin as soon as they turn six. Agentic AI could speed up and simplify tasks like credit verification, fraud detection, and customer support in the banking sector. In the agricultural sector, AI could provide farmers with weather information and crop disease identification in their own language. In the healthcare sector, this technology could also assist with tasks like initial diagnosis and patient record analysis. This technology could also open new opportunities for small businesses. India has approximately 60 million micro, small, and medium enterprises, contributing approximately 30 percent to the country's GDP and employing over 110 million people. Agentic AI can give these small businesses the same digital capabilities as large companies. Companies like Sarvam AI are rapidly working in this direction in India. However, amid this enthusiasm, some serious questions remain. The biggest question is employment. In the coming years, AI could transform the nature of millions of jobs. Another question is accountability. When AI decides who gets a loan, which patient gets priority, or which course a student gets, who will be held accountable if a mistake occurs? The third major question is cybersecurity. Every year, millions of cyberattacks and digital fraud cases are reported in India. When agentic AI starts making decisions for millions of people, even a small technical error can cause significant losses. The fourth question is inequality. If the benefits of AI are limited to cities or the affluent, this new technology could create a new digital divide. To address these challenges, India will need a clear and visionary policy. AI training must be promoted in technical education institutions and skill development programs. Encouraging Indian startups and entrepreneurs is essential. Developing AI in major Indian languages ??is equally important. In the future, success will not only belong to the country with the most powerful AI, but also to the one with the most reliable, secure, and useful digital ecosystem. Digital India has made the country digitally strong, and now agentic AI can take India to new heights.




# Bail should be an exception in terror cases

Reacting to the Supreme Court's statement that "bail is the rule, jail is the exception," a former DGP has argued that this principle could be dangerous in cases of terrorism and national security. Bail should be the exception, not the rule, in terrorism cases. National security is more important than personal liberty. Weakening terrorist networks is essential for the country. Recently, the Supreme Court stated that "bail is the rule, jail is the exception," even under the Unlawful Activities (Prevention) Act (UAPA). This has sparked debate. While personal liberty is undoubtedly a vital strength of the Constitution, applying this principle directly to cases involving terrorism and national security could be dangerous. Based on my experience working in the police, intelligence, counter-terrorism operations, and internal security, I can say that this issue cannot be viewed solely from the perspective of "personal liberty." The issue here concerns national security and national interest. A terrorist attack is not a simple criminal incident. Terrorists operate through sleeper cells, overground workers, cross-border handlers, clandestine funding, and secret communication networks. Such networks are difficult to capture and dismantle. Intelligence agencies and police officers often have to conduct continuous surveillance for years before a terrorist module is finally uncovered. Ordinary people cannot understand the sheer effort it takes to track down a single terrorist. Officers work day and night, risking their lives. The easy release of bail for terrorists apprehended with great difficulty undermines both the morale of security agencies and national security. Once released on bail, terror accused individuals can reactivate their networks, destroy evidence, influence witnesses, or abscond. In terror-related cases, the risk of sleeper cells reactivating is always present. Unlike ordinary criminals, terrorists are driven by radical ideology and operate at the behest of organized networks whose reach extends beyond borders. If even one terrorist released on bail succeeds in carrying out another attack, the consequences could be catastrophic. Innocent people, as well as security forces, can become targets. National property and social harmony can also be harmed. In such cases, the state cannot ignore the safety of ordinary citizens simply by focusing on the rights of the accused. Human rights belong not only to those accused of terrorism, but also to innocent citizens. Nowadays, some people have begun to view UAPA cases solely from the perspective of "long jail terms." They do not take the national security threats seriously. Undoubtedly, delays in trials are a matter of concern, and judicial reforms are necessary, but this does not mean that bail should be the norm in terrorism-related cases. Recently, the Supreme Court, while granting bail to an accused in a UAPA case, stated that significant delays in trials can be grounds for bail and reiterated, "Bail is the rule, and jail is the exception." The Court also cited Article 21 of the Constitution. Constitutional rights are essential in a democracy, but national security is an equally important constitutional responsibility. In terrorism cases, bail should be the exception, not the rule. Yes, courts should have the authority to grant relief where evidence is weak, a case has been filed maliciously, or there are exceptional humanitarian circumstances. However, if bail is made a general principle in UAPA cases, it will send the wrong message and weaken the fight against terrorism. This could reinforce India's old image as a "soft state" against terrorism, a fact the country has made serious efforts to shed over the past decade. Terrorism investigations are extremely complex. Coordinating with foreign agencies, forensic investigations, decoding encrypted messages, and tracking money transactions are extremely difficult and time-consuming. Not every delay can be attributed to the agencies' failure. Sometimes, the nature of the cases is such that investigations drag on. I have seen many criminals who relapse into crime after being granted bail. In cases like murder and rape, many accused, while out on bail, try to intimidate or eliminate witnesses. In such a situation, cases involving national security cannot be treated like ordinary criminal cases. The UAPA was enacted because terrorism poses a direct threat to the sovereignty and integrity of the country. If such laws are weakened through liberal bail principles, the morale of security agencies will be eroded. India still faces many serious security challenges. Cross-border terrorism, radicalization, narco-terrorism, cyber recruitment, and the activities of sleeper cells remain major concerns. The Pakistani intelligence agency, the ISI, continues to wage a proxy war against India. Therefore, the country cannot afford legal interpretations that undermine national security. No one can insist that innocent people remain in jail indefinitely. Investigations and trials must be expedited. Special courts must be made more effective. Vacant court positions must be filled, and the prosecution system strengthened. Until these reforms are fully implemented, it would be dangerous to make bail a norm in national security cases. National security cannot be viewed from a theoretical perspective. One wrong decision could cost innocent lives. It can. Democracy thrives not only on rights but also on a strong security system. If national security is weakened, the very foundation of democracy itself could be at risk. India must remain both democratic and secure, but when faced with a choice between the rights of a terrorist accused and the safety of ordinary citizens, national security must always take priority.

# मुरादाबाद जिला अस्पताल में डीएम का छापा, मरीजों से जानी व्यवस्थाएं; हाजिरी रजिस्टर भी चेक किए

मुरादाबाद के जिला अस्पताल में डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने



इमरजेंसी सेवाओं, वार्डों में कूलर और मरीजों से बातचीत कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, साथ ही कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर भी जांचे।प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है। 24 मई को उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया था, जिसमें उन्होंने वार्डों में कूलर लगाने के लिए कहा था। वहीं, सोमवार की सुबह 8¬05 बजे डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने जिला अस्पताल पर छापा मार दिया। डीएम ने इमरजेंसी की व्यवस्थाएं देखीं। वार्डों में कूलर भी देखे। वहीं, वह सर्जिकल वार्ड में पहुंचे और मरीजों से व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। उन्होंने स्थिति स्पष्ट कर दी कि मरीज को किसी भी तरह की परेशानी न हो। उसे उपचार मिले। कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर भी चेक किए- डीएम ने ऑपरेशन के लिए जिन मरीजों को उपकरण की जरूरत हो, उसकी भी व्यवस्था कराई जाए। साथ ही कर्मचारियों का हाजिरी रजिस्टर भी चेक किया। जिला अस्पताल में वह करीब 45 मिनट रहे।इस दौरान कार्यवाहक प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप वार्ष्णेय, वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. शेर सिंह कक्कड़, सर्जन डॉ. राहुल चौधरी ने भी मरीजों के बारे में जानकारी दी।

# पाइपलाइन फटने से सड़क पर हुआ गहरा गड्ढा, हादसे का बढ़ा खतरा

गहरे गड्ढे के कारण वाहन चालक लगातार परेशानी का सामना कर रहे हैं। आए दिन दोपहिया वाहन अनियंत्रित होकर इसमें गिर रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी बच्चों को हो रही है। खेलने और वहां से गुजरने वाले कई बच्चे गड्ढे में गिरकर चोटिल हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह गड्ढा किसी भी दिन किसी अनहोनी का कारण बन सकता है।एक ओर गर्मी के मौसम में लोग पानी के लिए परेशान हैं, वहीं फटी पाइपलाइन से रोजाना हजारों लीटर शुद्ध पेयजल सड़क पर बहकर बर्बाद हो रहा है। लगातार पानी बहने से आसपास जलभराव और कीचड़ की स्थिति पैदा हो गई है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।लोगों में इस बात को लेकर आक्रोश है कि बीच सड़क पर इतना बड़ा खतरा होने के बावजूद अब तक न तो पाइपलाइन की मरम्मत की गई है और न ही गड्ढे को भरा गया है।

ठेकेदार कैलाश ने बताया कि यह पुरानी पाइपलाइन है, जो पूरी तरह खराब हो चुकी है। इसी कारण गहरा गड्ढा हो गया है। उनके पास इस संबंध में फोन भी आया है। समय मिलने पर पाइपलाइन और गड्ढे को ठीक करा दिया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष और ईओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

सैफनी। कस्बे में ओवरहेड टैंक निर्माण के बाद जल निगम की ओर से डाली जा रही पाइपलाइन टेस्टिंग के दौरान पांच दिन पहले फट गई।

हकीम की दुकान के पास फटी पाइपलाइन से पानी के तेज बहाव और रिसाव के कारण सड़क के बीचोंबीच गहरा गड्ढा हो गया है, जो किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहा है।

## मुरादाबाद में 24 घंटे में हुई भारी बारिश: किसी ने पकड़ी मछली तो कोई ट्यूब पर बैठकर सैर करने निकला

मुरादाबाद जिले में पिछले 24 घंटों में औसतन 61.25 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जिसमें ठाकुरद्वारा तहसील में सर्वाधिक 134.5 मिमी बारिश हुई। तेज बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव और बिजली कटौती हुई, हालांकि किसानों को राहत मिली शनिवार रात्रि आठ बजे से रविवार रात्रि आठ बजे तक जिले औसत निकालने पर कुल औसत वर्षा 61.25 मिमी रही। 134.5 मिमी दर्ज की गई। लगातार हुई तेज बारिश के मुरादाबाद तहसील में 62 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई, बिलारी तहसील में सबसे कम 11.5 मिमी बारिश हुई- तहसील में सबसे कम 11.5 मिमी बारिश हुई। प्रशासन के गिरावट दर्ज की गई है।तहसीलवार वर्षा रिपोर्ट मुरादाबाद - 134.5 मिमी कुल वर्षा = 245.0 मिमी जिले की औसत




और तापमान में गिरावट आई।जनपद में पिछले 24 घंटे के दौरान में कुल 245 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जिले की चारों तहसीलों का रिपोर्ट के अनुसार सबसे अधिक वर्षा ठाकुरद्वारा तहसील क्षेत्र में कारण कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति भी बनी रही। वहीं जिससे शहर के विभिन्न इलाकों में जलभराव देखने को मिला। कांठ तहसील में 37 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि बिलारी अनुसार वर्षा से किसानों को राहत मिली है तथा तापमान में भी - 62.0 मिमी कांठ - 37.0 मिमी बिलारी - 11.5 मिमी ठाकुरद्वारा वर्षा = 61.25 मिमी हाईवे के साथ साथ सर्विस रोड तालाब बन गई पाकबड़ा। तेज आंधी के साथ हुई बरसात से हाईवे के साथ साथ सर्विस रोड तालाब बन गई। सर्विस रोड पर भरे पानी में कोई ट्यूब पर बैठ कर निकला तो किसी ने मछली मारनी शुरु कर दी। उधर हाईवे पर पानी भरने से वाहन रेंग रेंग कर गुजरे। रविवार को दिन में उमस भरी गर्मी रही। शाम चार बजे मौसम बदला तो तेज हवा के साथ आंधी चली। उसके बाद लगभग डेढ़ घंटा जमकर पानी बरसा।नंदन स्वीट्स के सामने भारी मात्रा में पानी जमा हो गया- भीषण बरसात से मुरादाबाद दिल्ली हाईवे पर पाकबड़ा में नंदन स्वीट्स के सामने भारी मात्रा में पानी जमा हो गया। जिसके कारण हाईवे से गुजरने वाले वाहन रेंग रेंग कर गुजरे। दूसरी तरफ पाकबड़ा में सर्विस रोड का बुरा हाल है। डेढ़ घंटे की बरसात में सड़के तालाब में तब्दील हो गई। ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पाकबड़ा की कई घंटे बिजली गुल रहने से भी दिक्कत हुई। नया मुरादाबाद के सेक्टर 13 ओर 16 में तकरीबन सात घंटे बिजली की समस्या रही।

# हवाई सेवा के दावों की निकली हवा! पीतल नगरी के निर्यातकों के अरमानों पर फिरा पानी

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश की निर्यात नगरी को अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर नई उड़ान देने के लिए जिस मुरादाबाद एयरपोर्ट का सपना दिखाया गया था, वह अब सरकार की अदूरदर्शिता और लचर प्लानिंग की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। बड़ी-बड़ी घोषणाओं कदम पीछे% वाले सिद्धांत पर टिक गई है।मुरादाबाद एयरपोर्ट अब किसी सफेद हाथी से कम नहीं है। संकट खड़ा हो गया है कि प्रदेश में 19 सीटर छोटे करोड़ों के इस प्रोजेक्ट के भविष्य पर सवालिया कारोबारियों और महानगर वासियों को सुनहरे सपने जिससे पीतल कारोबार को पंख लगेंगे। लेकिन मात्र 40 दिन ही चल सकी। उस समय कोहरे और गई थीं और मार्च 2025 तक सब दुरुस्त करने का स्थितियां सुधरने के बजाय और बिगड़ गई हैं। अब हैं, जबकि आम आदमी दिल्ली और लखनऊ के लिए है कि मुरादाबाद का रनवे छोटे विमानों के लिए ही




के साथ शुरू हुई हवाई सेवा अब %दो कदम आगे और चार में मूंढापांडे के भदासना में 35 करोड़ की लागत से बना यह नवंबर 2024 से बंद पड़ी उड़ानों के बीच अब यह नया विमान उड़ाने वाली दोनों कंपनियां ही चली गईं हैं। ऐसे में निशान लग गया है। हवाई अड्डे की शुरुआत के समय दिखाए गए थे कि विदेशी खरीदार सीधे मुरादाबाद पहुंचेंगे, हकीकत यह रही कि 10 अगस्त 2024 को शुरू हुई सेवा लो-विजिबिलिटी की तकनीकी वजह बताकर उड़ानें रोकी भरोसा दिया गया था, लेकिन डेढ़ साल बीतने के बाद भी रनवे पर केवल वीआईपी और सरकारी विमान ही उतर रहे हवाई अड्डे से उड़ान भरने से अभी दूर है। वर्तमान स्थिति यह बना है, लेकिन उन विमानों का संचालन करने वाली फ्लाई बिग जैसी कंपनियां अब अस्तित्व में नहीं हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया है कि जब तक कोई नई कंपनी नहीं आती, यहाँ से उड़ान संभव नहीं है। हैरानी की बात यह है कि जहाँ व्यापारिक उड़ानों की जरूरत थी, वहाँ अब फ्लाइंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट खोलने की तैयारी चल रही है। यानी जिस रनवे से कारोबारियों को उड़ना था, वहाँ अब केवल ट्रेनिंग पायलट अभ्यास करेंगे। हालांकि 400 एकड़ जमीन अधिग्रहण कर रनवे विस्तार की बात कही जा रही है, लेकिन जमीन मिलने और बड़े विमानों के अनुकूल रनवे बनने में अभी सालों का वक्त लग सकता है। कुल मिलाकर, निर्यात नगरी के बाशिंदों को विकास की उड़ान का जो भरोसा दिया गया था, उसकी हकीकत जगजाहिर है। फिलहाल मुरादाबाद एयरपोर्ट से आम जनता की उड़ान की उम्मीदें धुंधली नज़र आ रही हैं।

# मुख्यमंत्री योगी का बिजनौर दौरा, मुरादाबाद एयरपोर्ट पर सुरक्षा कड़ी, रामपुर में भी पुलिस-प्रशासन अलर्ट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक बजे मुरादाबाद के भदासना एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद वह हेलीकॉप्टर से बिजनौर के आलमपुर रवाना होंगे। उनके संभावित दौरे को लेकर मुरादाबाद और रामपुर प्रशासन हाई अलर्ट पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सोमवार को तरह अलर्ट मोड पर है। मुख्यमंत्री दोपहर एक बजे लखनऊ से हवाई मार्ग द्वारा बिजनौर जिले के आलमपुर के लिए रवाना होंगे।मुख्यमंत्री के रामपुर के टांडा-दढ़ियाल मार्ग पर वीआईपी मूवमेंट को लेकर सुबह से को लेकर जिले के अधिकारियों ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।एयरपोर्ट हैं। एसपी सिटी रणविजय सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उधर, रूट को लेकर हाई अलर्ट घोषित किया गया है। सुरक्षा कारणों से मुख्य के आवागमन पर भी अस्थायी रोक लगाई गई है। नगर पालिका की टीम सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटी है। मार्ग पर जगह-जगह पुलिस बल गश्त और निगरानी के बीच पूरे क्षेत्र में वीआईपी मूवमेंट को लेकर बाद लोगों में भी उत्साह देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में लोग सड़क



संभावित दौरे को लेकर मुरादाबाद और रामपुर में प्रशासन पूरी द्वारा मुरादाबाद के भदासना एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहां से हेलीकॉप्टर आगमन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। वहीं ही पुलिस और प्रशासनिक अमला मुस्तैद है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से लेकर संभावित रूट तक सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है और सभी रामपुर जिले के टांडा-दढ़ियाल मार्ग पर मुख्यमंत्री के संभावित मार्ग पर स्थित बाजारों को बंद करा दिया गया है, जबकि वाहनों स्प्रिंकलर मशीन से सड़क पर पानी का छिड़काव कर साफ- और प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की गई है। लगातार हलचल बनी हुई है।मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना मिलने के किनारे पहुंचकर मुख्यमंत्री के काफिले का इंतजार कर रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं तथा पूरे रूट पर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राम रहीम पुल पर युवक को गोली मारने का दूसरा आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

26 मई की रात करीब 8 बजे मिलक निब्बी सिंह निवासी सतवीर सिंह को दो बाइक सवारों ने पीछे से सिर में गोली मार दी थी। मामले में रविवार रात सिविल लाइंस पुलिस ने मुठभेड़



में दूसरा आरोपी रणबीर को गिरफ्तार कर लिया है, उसके पैर में गोली लगी है। मामले में एक आरोपी रवि पहले ही जेल जा चुका है।फरार चल रहा था रनवीर- राम रहीम पुल पर घटना के बाद सिविल लाइंस थाने में घायल सतवीर सिंह के भाई ने दो लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें पुलिस रवि निवासी ग्राम चंदनपुर थाना पटवाई रामपुर को भी मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया था। मामले में दूसरे आरोपी रनवीर लगातार फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी के लिए थाना सिविल लाइंस और सर्विलांस व स्वाट टीम का गठन किया गया था। रविवार रात थाना सिविल लाइंस पुलिस मय एसओजी टीम द्वारा ग्राम जुटिया की तरफ जाने वाले रास्ते पर गश्त व चेकिंग के दौरान संदिग्ध बाइक चालक को रोकने का प्रयास किया गया। घिरता देख पुलिस पर किया फायर- स्वंय को पुलिस से घिरता देख कच्चे रास्ते से बाइक लेकर भागने लगा एवं बाइक स्लिप होकर गिर गया। जिसके द्वारा स्वंय को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। आत्मरक्षार्थ थाना सिविल लाइंस पुलिस द्वारा फायर करने पर आरोपी रनवीर सिंह निवासी मथुरापुर कलां थाना पटवाई, रामपुर के बायें पैर मे गोली लगी। पुलिस द्वारा घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। आरोपी के कब्जे हथियार बरामद- आरोपी के कब्जे से एक तमंचा मय एक खोखा कारतूस व 2 जिंदा कारतूस तथा एक खोका कारतूस और घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाईकिल ह के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के आधार पर थाना सिविल लाइंस थाने में आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह, उप निरीक्षक दीपक मलिक एसओजी प्रभारी, उपनिरिक्षक सतेन्द्र शर्मा व मनीष गिल सहित अन्य पुलिसकर्मियों की टीम शामिल रही।

### उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने किया संगठन का विस्तार

रामपुर। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों की बैठक में व्यापारी समाज को मजबूत बनाने के लिए संगठन का विस्तार किया गया। कार्यालय पर आयोजित बैठक में संगठन की मजबूती के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।बैठक में आसिफ खान को शहर प्रभारी, शाहबाद गेट से चौकी चौक और थाना टीन तक आलिम खां को प्रभारी, शाहबाद गेट से राहे मुर्तजा रोड तक शादाब खान को प्रभारी, सिविल लाइन का प्रभारी गोपाल शर्मा, ज्वाला नगर का प्रभारी संदीप शर्मा, सराय गेट और बापू मॉल का प्रभारी नासिर लाला तथा बापू मॉल से हामिद गेट तक सईद खुसरो को मनोनीत किया गया।संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि हाउस टैक्स और वाटर टैक्स की समस्या को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने वाटर टैक्स की बढ़ी हुई दरों पर रोक लगाई है, लेकिन नगर पालिका परिषद मुख्यमंत्री के आदेश का पालन नहीं कर रही है। लगातार अनुरोध के बावजूद हाउस टैक्स और वाटर टैक्स पर रोक नहीं लगाई जा रही है।इस मौके पर वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राज बहादुर यादव, जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा, युवा नगर अध्यक्ष पुलकित अग्रवाल, नगर अध्यक्ष महफूज हुसैन, नगर प्रभारी आसिफ खान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

बरेली जंक्शन पर दर्दनाक हादसा

# चलती ट्रेन से गिरकर प्रयागराज के फार्मासिस्ट की मौत






क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। जंक्शन पर रविवार दोपहर हादसा हो गया। जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर 51 वर्षीय फार्मासिस्ट विजय कुमार की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। प्रयागराज निवासी विजय कुमार कौशांबी जनपद में तैनात थे। घटना के वक्त पत्नी भी उनके साथ सफर कर रही थीं। हादसे के बाद उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

प्रयागराज की रहने वाली अंजना राय ने बताया कि वह अपने पति 51 वर्षीय विजय कुमार के साथ इज्जतनगर स्थित कर्मचारी नगर में अपनी बहन वंदना के घर आई थीं। वंदना काफी समय से बीमार चल रही हैं। उन्हें देखने बाद अंजना पति के साथ प्रयागराज वापस जा रही थीं। दोनों त्रिवेणी एक्सप्रेस से सफर कर रहे थे।

झटका लगने पर ट्रेन से गिरे - जब ट्रेन बरेली जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर पहुंची, तब विजय कुमार ने पत्नी से वॉशरूम जाने की बात कही। बताया जाता है कि वॉशरूम की ओर जाते समय अचानक उन्हें झटका लगा और वह ट्रेन से नीचे गिर गए। मौके पर उनकी मौत हो गई। एक यात्री ने उन्हें गिरते देखा और तुरंत ट्रेन की चेन खींच दी, जिससे ट्रेन रुक गई। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विजय कुमार कौशांबी में फार्मासिस्ट के पद पर तैनात थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। अचानक हुई मौत से परिवार और रिश्तेदारों में शोक की लहर दौड़ गई है। पोस्टमार्टम हाउस पर बड़ी संख्या में परिजन और शुभचिंतक पहुंच रहे हैं।

## बच्चा चोर गिरोह: आईवीएफ सेंटरों से मिला आरोपी नर्स सीता का कनेक्शन, बरेली पुलिस ने शुरू की जांच

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। कई जिलों में बच्चा चोरी का नेटवर्क चलाने वाले गिरोह की पड़ताल में लगातार नई चीजें सामने आ रही हैं। कई शहरों के आईवीएफ सेंटरों से बरेली के मेडिकल कॉलेज की नर्स सीता के कनेक्शन का इनपुट मिला है। जांच टीम और भी खुलासे कर सकती है।

बरेली के आंवला के मनौना श्याम मंदिर से बच्चा चोरी होने के बाद बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। इसमें निजी अस्पताल, क्लीनिक, झोलाछाप और नर्सों का सिंडीकेट शामिल है। अब इससे भी आगे बढ़कर मामला आईवीएफ सेंटरों तक जा पहुंचा है।

जरूरत के आधार पर तय होती है कीमत, लड़कों की मांग ज्यादाआरोपी नर्स सीता का गिरोह लोगों की जरूरत के आधार पर बच्चों की कीमत तय करता है। सूत्रों के मुताबिक, अस्पतालों में हो रहे प्रसव व अनचाहे बच्चों के मामलों पर गिरोह नजर रखता है। कई बेहद गरीब दंपती को बच्चों की जरूरत नहीं होती। ऐसे में प्रसव के बाद वह बच्चों को सक्षम लोगों को देने से गुरेज नहीं करते। कई मामलों में तो ऐसे अभिभावक बच्चों को देने के बदले कुछ लेना भी गलत समझते हैं, जबकि कुछ अभिभावकों को मामूली रकम देकर भेज दिया जाता है।

## गाड़ी छोड़ पैदल निकले डी एम अविनाश सिंह, बोले- बचाइए ईंधन, बढ़ाइए फिटनेस




क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा/ बरेली । सोमवार को एक अलग ही तस्वीर देखने को मिली।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह सरकारी वाहन का इस्तेमाल छोड़ पैदल ही अपने आवास से कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से जनपद में शनिवार और सोमवार को नो व्हीकल डे मनाया जा रहा है। इसी अभियान को सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी ने खुद मिसाल पेश करते हुए पैदल चलकर पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और ईंधन की खपत को देखते हुए हर व्यक्ति को सप्ताह में कम से कम दो दिन वाहन का कम उपयोग करना चाहिए। इससे न केवल पर्यावरण सुरक्षित रहेगा

बल्कि लोगों की फिटनेस भी बेहतर होगी। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन से अपील की कि वे शनिवार और सोमवार को वाहन मुक्त दिवस के रूप में मनाएं तथा पैदल चलने या सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दें। जिलाधिकारी की यह पहल अब जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक होने का संदेश दे रही है।

## योगीराज में भू-माफिया पर पुलिस का शिकंजा, समाजसेविका के प्लॉट पर कब्जे की कोशिश नाकाम

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा/ बरेली। योगी सरकार की भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त नीति का असर एक बार फिर देखने को मिला। थाना इज्जतनगर क्षेत्र के मुंडिया अहमदनगर गांव में समाजसेविका लक्ष्मी गंगवार के हाईवे किनारे स्थित प्लॉट पर कब्जे की कोशिश पुलिस ने नाकाम कर दी। आरोप है

कि जमीन बेचने वाले कोमिल प्रसाद ने कोर्ट में मामला लंबित होने के बावजूद आधी रात प्लॉट का ताला तोड़कर कब्जा करने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही बैरियर टू चौकी प्रभारी मोहित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस की आहट मिलते ही आरोपी फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर इज्जतनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

चौकी प्रभारी मोहित कुमार ने कहा कि योगी सरकार में किसी भी भू-माफिया या दबंग को कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ब्लॉक संसाधन केंद्र के जल्द पुनर्निर्माण की मांग , आंवला सांसद से रखी



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। संकुल संसाधन केंद्र की स्थिति बिथरी चैनपुर के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चौधरी ने अवगत कराया कि बिथरी का ब्लॉक संसाधन केंद्र का पिछले एक वर्ष से कस्तूरबा गांधी में संचालन किया जा रहा एवं ट्रेनिंग दूसरे परिषदीय विद्यालयों में करानी पड़ती है क्योंकि ब्लॉक संसाधन केंद्र जर्जर स्थिति में है और कोई अप्रिय घटना न घटे इसलिए उपयोग में नहीं लाई जा रही एवं नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ होने के बाद उसमें आगे कुछ नहीं हुआ है। सांसद द्वारा ज्ञापन का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी को पत्र भेजने का आश्वासन दिया गया एवं तुरंत पत्र तैयार कराया गया। संगठन ने उनका आभार व्यक्त किया। इसके बाद संगठन ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से भेट की एवं शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को रखा। संकुल शिक्षकों के नवीन चयन की मांग- मांडलिक मंत्री रुचि सैनी द्वारा संकुल शिक्षकों के नवीन चयन की मांग रखी गई। बीएसए ने आश्वस्त किया अगर महानिदेशक के आदेश में संकुल शिक्षकों के नवीन चयन का लिखा है तो जल्द ही नवीन चयन किया जाएगा एवं संगठन द्वारा सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को जल्द से जल्द चयन वेतनमान लगने वाले शिक्षकों की सर्विस बुक लेखा कार्यालय भेजने के लिए पत्र जारी करने का अनुरोध किया गया। ज्ञापन देने वालों में जिला उपाध्यक्ष गौरव गुप्ता, शुमायला खान, संगठन मंत्री अरुण गंगवार एवं अनुपूर्णा कुशवाहा, प्रचार मंत्री वचन सिंह एवं धीरज पटेल, जिला महिला संगठन मंत्री मोनिका गुप्ता,जिला प्रवक्ता अरविंद कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चौधरी, रामनगर अध्यक्ष शलभ शर्मा, ब्लॉक मंत्री अजय कुमार, अनुभव शर्मा, अंकित गुप्ता आदि रहे।

## बरेली के मेधावियों का सम्मान, मंत्री ने बांटी सफलता की मंत्र-चाबी




क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान का भव्य आयोजन हुआ। लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मंत्री ने कहा कि सफलता के लिए अनुशासन, दूरदृष्टि और कठिन परिश्रम बेहद जरूरी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि किसी भी बच्चे के व्यक्तित्व निर्माण में मां की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षकों और अभिभावकों का सम्मान करने तथा मेहनत को सफलता का मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया। इस दौरान हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में जनपद स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को 21-21 हजार रुपये के प्रतीकात्मक चेक, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## बहेड़ी पुलिस ने पति-पत्नी बाइक चोर गैंग के मास्टरमाइंड को किया गिरफ्तार , तीन वारदातों का खुलासा, अपाचे बाइक बरामद



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा/ बरेली। बहेड़ी पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है। पूछताछ में दोनों ने क्षेत्र में कई अन्य बाइक चोरी की वारदातों को भी कबूल किया है।

पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर की सूचना और अन्य साक्ष्यों के आधार पर कृष्णा और उसकी पत्नी दिव्या की संलिप्तता सामने आई। इसके बाद थाना बहेड़ी पुलिस ने वन विभाग तिराहा क्षेत्र से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। बरामद बाइक का संबंध थाना बहेड़ी में दर्ज मुकदमा संख्या 417/26 से पाया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे आर्थिक लाभ के लिए मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। उन्होंने स्वीकार किया कि बरामद अपाचे बाइक वी-मार्ट के पास से चोरी की थी। इसके अलावा शिवशक्ति मैरिज लॉन के पास से एक एचएफ डीलक्स तथा नुमाइश क्षेत्र से एक अन्य अपाचे बाइक चोरी कर बेचने की बात भी कबूल की।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है। इस सफल कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा समेत बहेड़ी पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## शौचालय जाने के विवाद में पिता और घरवालों ने बेटे को पीट-पीटकर मार डाला, बचाने गई पत्नी गंभीर रूप से घायल



